*Progressive Education Society's*

# Modern College of Arts, Science and Commerce (Autonomous) Shivajinagar, Pune 05

## Program Specific Outcomes

### Department of Hindi

**Name of the Program : M. A. Hindi Sahitya**

**After successful completion of M.A. in Hindi Sahitya Program, the student will be able**

| PO No. | Program Outcome |
|---|---|
| PO1 | **Knowledge or Academic Expertise –**<br>i. हिंदी भाषा के उद्‌गम, विकास और हिंदी भाषा के विभिन्न रूपों की जानकारी प्राप्त होगी।<br>ii. साहित्य की विभिन्न विधाओं के तत्वों एवं महत्वपूर्ण रचनाओं के प्रति अध्ययन की दृष्टि का निर्माण होगा।<br>iii. प्राचीन हिंदी साहित्य एवं आधुनिक काल के मीडिया के क्षेत्र तक के साहित्य का विस्तृत हिंदी परिप्रेक्ष्य स्पष्ट होगा। |
| PO2 | **Inquisitive learner or Involved in Life Long learning –**<br>i. मीडिया लेखन के क्षेत्र में रूचि एवं प्रत्यक्ष कार्य करने की इच्छा निर्माण होगी।<br>ii. छात्रों की भाषा विज्ञानं एवं काव्यशास्त्र के सन्दर्भ में सैद्धांतिक चिंतन आरंभ होगा।<br>iii. हिंदी से इतर भारतीय भाषाओँ के साहित्य के प्रति जिज्ञासा, कुतुहल, रूचि निर्माण होगी।<br>iv. साहित्य के अध्ययन के अतिरिक्त अनुसन्धान के क्षेत्र में रूचि के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। |
| PO3 | **Social competence –**<br>i. हिंदी साहित्य के इतिहास के द्‌वारा भारत के हिंदी के आरंभिक काल से लेकर आधुनिक काल तक की विभिन्न सामाजिक, राजनितिक, आर्थिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक परिवेश के प्रति मूल्यांकन की दृष्टि प्राप्त होगी। उसकी तुलना छात्र वर्तमान समय से कर पाएँगे।<br>ii. उपर्युक्त कालों के समाज- मूल्यों से छात्र परिचित होंगे । साथ ही उनकी संवेदनशीलता में वृद्‌धि होगी।<br>iii. वैश्विक शांति, अहिंसा, मानवीय मूल्यों के साहित्य का अध्ययन करने का अवसर छात्रों को मिलेगा। जैसे – कामायनी महाकाव्य, यही मेरा वतन कहानी, रेहन पर रग्घू, मेरी प्यारी आजादी, सावित्री से सावित्री तक कविता आदि पाठ्‌यक्रम में समाहित अनेक रचनाएँ। |
| PO4 | **Effective Communication –**<br>i. विचार-विनिमय के भाषिक साधन, देवनागरी लिपि, हिंदी के प्रचार- प्रसार के कार्य करनेवाली संस्थाएँ, भाषा शिक्षण, अनुवाद आदि क्षेत्रों से छात्र संपृक्त होंगे। |

| | |
|---|---|
| | ii. साक्षात्कार, यात्रावृत्तांत, आदि विधाओं से प्रभावपूर्ण विचारों की अभिव्यक्ति एवं भाषा कुशलता को सीख पाएँगे।<br>iii. हिंदी के विभिन्न लेखकों, उनके लेखन-कार्य से परिचय होगा। आवश्यकतानुसार हिंदी विभाग द्वारा प्रति वर्ष आयोजित 'रचना-रचनाकार परिसंवाद' शीर्षक गतिविधि द्वारा छात्र उनसे संपर्क एवं साक्षात्कार कर पाएँगे। उनके बीच सहित्यक संप्रेषण होगा। |
| **PO5** | **Environmental awareness –**<br>i. कामायनी जैसे महाकाव्य से प्रकृति की श्रेष्ठता, शक्ति उजागर हुई है। प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का भाव छात्रों में इसके द्वारा निर्माण होगा।<br>ii. पेड़, जाड़ों की एक रात, अब की बार लौट आओ आदि रचनाओं में प्रकृति का चित्रण मिलता है। प्रकृति की उदात्तता तथा मनुष्य में प्रकृति के समान उदात्त गुणों की आवश्यकता छात्र समझ पाएँगे। |
| **PO6** | **Digital competence –**<br>i. सभी डिजिटल माध्यमों में पत्रकारिका का अध्ययन के अवसर प्राप्त होंगे।<br>ii. फिल्म स्क्रीनिंग की गतिविधि हिंदी विभाग के द्वारा आयोजित की जाती है जिससे फिल्म माध्यम की सूक्ष्मता का ज्ञान छात्रों को होता है।<br>iii. हिंदी विभाग के अनेक कार्य, पाठ्यक्रम पढ़ाना आदि से डिजिटल माध्यम ही संबंधित हैं।<br>iv. कुछ पाठ्यक्रम डिजिटल माध्यमों के उपयोग से ही संपन्न होते हैं। सॉफ्टवेयर के जरिये अनेक काम छात्र भी करना सीखते हैं। |
| **PO7** | **Experiential Learning –**<br>i. हिंदी विभाग द्वारा ग्रंथालय दिवस के दिन प्रति हफ्ते पुस्तक से संबंधित कार्य स्वाध्याय लेखन आदि से परिचित होंगे।<br>ii. पुस्तक समीक्षा करना,<br>iii. पाठशाला जाकर हिंदी पढाना,<br>iv. व्यवसायी से साक्षात्कार करना<br>v. हिंदी भाषी व्यक्ति से साक्षात्कार करना<br>vi. नाटक देखकर उसकी समीक्षा लिखना<br>vii. कहानी (पाठ्य), और कहानी का मंचन या नाट्य रूपांतरण की तुलना एवं विश्लेषण करना<br>viii. समाचारों का विश्लेषण करना आदि कार्य छात्रों को प्रत्यक्ष दिए जाते हैं , उनमें अपनी कुशलता वे सिद्ध भी कर चुके हैं। |
| **PO8** | **Ethical values –**<br>i. पाठ्यक्रम में समाहित हिंदी साहित्य के माध्यम से छात्र राष्ट्रीयता, अहिंसा, शांति, प्रेम, सद्भाव, सच्चाई, सदाचरण के मूल्य सीखेंगे।<br>ii. वर्तमान समाज, समय और परिस्थितियों के प्रति छात्र जागरूक होंगे। |

| | |
|---|---|
| | iii. भारत की विभिन्न पृष्ठभूमियाँ एवं पाश्चात्य देशों की पृष्ठभूमियों से छात्र परिचित होंगे। |
| **PO9** | **Individuality and Teamwork or Interdisciplinary Studies –**<br>i. छात्र स्वयं साहित्य और साहित्येतर क्षेत्र के अनुवाद करने में सक्षम होंगे।<br>ii. अनुसन्धान के लिए छात्रों को प्रेरणा मिलेगी।<br>iii. विभिन्न भाषाओँ के भारतीय साहित्य के प्रति आदर एवं अभिरुचि निर्माण होगी। साथ ही इन साहित्यों के प्रति गहन अध्ययन दृष्टि विकसित होगी।<br>iv. व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर भारत और भारत के बाहर हिंदी भाषा, आलोचना, अनुसन्धान, अनुवाद, साहित्य आदि क्षेत्रों में कार्य करने के अनेक अवसर छात्रों को मिलेंगे।<br>v. काव्यशास्त्र और भाषाविज्ञान के विस्तृत क्षेत्र में देश- विदेशों में अवसर प्राप्त होंगे। |
| **PO10** | **Research and problem-solving competence –**<br>i. अनुसन्धान-प्रक्रिया से छात्र गुजरते हैं । अनेक प्रोजेक्ट, स्वाध्याय लेखन अनुसन्धान के आधार पर निर्माण करते हैं।<br>ii. अनुसन्धान की लेखन-प्रणाली, शोध-प्रणाली से अवगत होंगे।<br>iii. पाठालोचन के माध्यम से अनुसन्धान के अन्य महत्वपूर्ण आयाम से छात्र परिचित होंगे। इसके जरिये पाठ के अनुसन्धान की जटिल प्रक्रिया से परिचित होंगे।<br>iv. अनुवाद, मीडिया- लेखन, इंटर्नशिप के प्रत्यक्ष कार्य करने की चुनौती का सामना छात्र कर पाएँगे। |
| **PO11** | **Stress management –**<br>i. कामायनी जैसी पाठ्यपुस्तकों के द्वारा आनंद दर्शन , कर्म का संदेश छात्रों को प्राप्त होगा।<br>ii. मूलत: हिंदी साहित्य पढ़कर किसी भी छात्र को आनंद की अनुभूति होगी। साहित्य निरंतर ही मनुष्य जीवन की समस्याओं को हल बताता है और मुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देता है। |
| **PO12** | **Extramural Skills –**<br>i. हिंदी साहित्य पर बनी फिल्मों को हिंदी विभाग द्वारा छात्रों को दिखाया जाता है। जिससे छात्र अधिकाधिक रूप में फिल्म में हिंदी भाषा के प्रयोग, उपयोग, डबिंग, संवाद, पटकथा, निर्देशन, समीक्षा आदि से भी परिचित होकर वह सीखते हैं।<br>ii. फिल्डवर्क के माध्यम से प्रत्यक्ष हिंदी से संबंधित लोगों से मिलना, उनसे बातचीत करना, हिंदी कार्यालयों, राजभाषा विभागों से संपृक्त कार्य करना छात्र सीखते हैं।<br>iii. अन्य महाविद्यालयों में आयोजित काव्य वाचन – प्रतियोगिता, संगोष्ठियों में छात्रों को सम्मिलित होने के अवसर प्राप्त होते हैं।<br>iv. उपर्युक्त कार्यों से छात्रों के व्यक्तित्व विकास में सहायता होती है। |